नया इंडिया

खेल

सार समाचार

बेंगलुरु ओपन के उद्घाटन समारोह में डेविस कप खिलाड़ियों का सम्मान

बेंगलुरु,भाषा। पाकिस्तान को हाल में उसकी धरती पर हराने वाली भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ियों को सोमवार को यहां बेंगलुरु ओपन के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के अध्यक्ष आर अशोक ने कहा,''यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के लिए गर्व की बात है कि डेविस कप के स्टार खिलाड़ी बेंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि ऐतिहासिक और प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा,इस ऐतिहासिक मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली पूरी टीम को हम हार्दिक बधाई देते हैं और उन्हें भविष्य में अधिक से अधिक सफलता हासिल करने के लिए शुभकामना देते हैं। भारत ने इस महीने के शुरू में पाकिस्तान को 4-0 से हराकर डेविस कप विश्व ग्रुप एक में जगह बनाई थी। भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन, श्रीराम बालाजी, साकेत माइनेनी और निक्की के पूनाचा सम्मान समारोह में उपस्थित थे। यह सभी खिलाड़ी बेंगलुरु ओपन में भाग लेंगे।

पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे 124 खिलाड़ी

कोलकाता,भाषा। गत चैंपियन सचिन बैसोया, मनु गंडास और राहिल गंगजी सहित 124 खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाली टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप 2024 में भाग लेंगे। टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि एक करोड रुपए है। इससे 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई सत्र की भी शुरुआत होगी। प्रो एम प्रतियोगिता 17 फरवरी को होगी। जो 124 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे उनमें 121 पेशेवर और तीन एमेच्योर खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य शीर्ष खिलाड़ियों में खलिन जोशी, अमन राज, करण प्रताप सिंह, उदयन माने, अंगद चीमा, जयराज सिंह संधू, हर्षजीत सिंह सेठी, सुनहित बिश्नोई और गौरव प्रताप सिंह शामिल हैं।

मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारी केल्विन किपटुम की कार दुर्घटना में मौत

नैरोबी,एपी। मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारी केल्विन किपटुम की कीनिया में कार दुर्घटना में मौत हो गयी। वह इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार थे। रविवार को हुई इस कार दुर्घटना में उनके कोच गेरवेस हाकिजिमाना की भी मौत हो गयी। पुलिस ने कहा कि रविवार देर रात हुई इस दुर्घटना में किपटुम गाड़ी चला रहे थे और उनकी कार पेड़ से टकराने के बाद खाई में गिर गयी। किपटुम 24 साल के थे। उन्होंने एलीट मैराथन में तीसरी बार हिस्सा लेते ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया था। अंतरराष्ट्रीय ट्रैक महासंघ विश्व एथलेटिक्स ने पिछले हफ्ते ही पिछले साल शिकागो मैराथन में बनाये गये उनके रिकॉर्ड को स्वीकृत किया था।

इंग्लैंड के पास टेस्ट श्रृंखला जीतने का सुनहरा मौका: ब्रॉड

केपटाउन ■ भाषा

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिये अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का सुनहरा मौका है। विराट निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। ब्रॉड ने कहा, विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं। लेकिन निजी मसले हमेशा क्रिकेट से जुड़े मसलों से बड़े होते हैं।

उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिये अपनी उपयोगिता साबित करने का सुनहरा मौका होगी। इंग्लैंड के लिये

167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा, जब महान खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो युवाओं के लिये भी यह खुद को साबित करने का मौका होता है। हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा।

अगले तीन मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिये चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाये कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके। ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृखलाओं में से है और अगले तीन टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, विराट के नहीं होने से बहुत कुछ बाकी खिलाड़ियों की फिटनेस पर निर्भर करेगा। विराट और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों खासकर जिम्मी एंडरसन के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी मशहूर रही है। यह क्रिकेट और इस श्रृंखला के लिये शर्मनाक है कि विराट नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत ने पिछला टेस्ट जीता लेकिन इंग्लैंड की बेजबॉल शैली भारत में प्रभावी रही है। भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस और मौका भुनाने की इंग्लैंड की क्षमता पर अगले तीन मैच निर्भर करेंगे। उन्होंने नयी गेंद के अपने साथी रहे जिम्मी एंडरसन के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा, हमने दूसरे टेस्ट में देखा कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है। जसप्रीत बुमराह ने भारत को मैच जिताया और जिम्मी ने उम्दा गेंदबाजी की। सभी को लगा था कि पिच स्पिन लेगी लेकिन तेज गेंदबाजों को अधिक सफलता मिली। शायद सुबह की नमी की वजह से। उन्हें नहीं लगता कि टी20 क्रिकेट के इस दौर में वह और एंडरसन तेज गेंदबाजी में आखिरी महान टेस्ट जोड़ी थी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारी जोड़ी आखिरी था लेकिन हम दोनों के लंबे कैरियर की वजह से हमने मिलकर जितने विकेट लिये हैं, उससे आगे निकलना मुश्किल होगा। लेकिन मेरा मानना है कि फिर से क्रिकेट को ऐसी कोई शानदार जोड़ी अगले कुछ साल में जरूरी मिलेगी।

जसप्रीत बंमराह टेस्ट क्रिकेट में बहुत ही परिपक्व गेंदबाज हैं। ब्रॉड ने कहा, मैं तेज गेंदबाजी की जोड़ियों को देखकर बड़ा हुआ हूं। कर्टनी वॉल्श और कर्टले एम्बरोज हो , वकार युनूस और वसीम अकरम या डेरेन गाफ और एंडी कैडिक हो। ऐसी ही एक जोड़ी जल्दी ही निकलेगी।

नागल एटीपी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में

नई दिल्ली ■ भाषा

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गये जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं।

पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गये थे।

2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा, मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैचजीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी।

सिंधु और पुरुष टीम पर फोकस

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खिताब जीतना चाहेगा भारत।

एचएस प्रणय की अगुआई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

शाह आलम ■ भाषा

थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता

के फाइनल तक पहुंचने की होगी जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य पदक जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुआई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। सिंधु के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। लेकिन महिला टीम के लिए सफर मुश्किल भरा होगा जिसमें सिंधू और दो युगल जोड़ियां तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो शामिल हैं। सिंधु के लिए यह टूर्नामेंट ज्यादा अहमियत रखता है क्योंकि वह पिछले साल अक्टूबर से खेल से बाहर हैं जिससे वह अपनी मैच फिटनेस देखना चाहेंगी और जरूरी आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी। इस 28 साल की खिलाड़ी को फ्रेंच ओपन में घुटने में चोट लग गयी थी। फिटनेस हासिल करने के बाद वह बेंगलुरु में 'मेंटोर' प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग में जुटी थीं। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इससे 'रेस टूर द 2024 पेरिस ओलंपिक' के लिए महत्वपूर्ण क्वालीफिकेशन अंक मिलेंगे। ध्यान युवा और दूसरे दर्जे के भारतीय खिलाड़ियों पर भी लगा होगा जिसमें अस्मिता चालिहा, अनमोल खरब और तन्वी शर्मा शामिल हैं।

केरल ने बंगाल को रौंदा, तीसरे स्थान पर पहुंचा

थुम्बा ■ भाषा

अनुभवी आल राउंडर जलज सक्सेना के स्पिनरों के लिए माकूल पिच पर लिये गये 13 विकेट की बदौलत केरल ने सोमवार को यहां बंगाल को 109 रन से हराकर मौजूदा रणजी ट्रॉफी सत्र में अपनी पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से केरल (14 अंक) ग्रुप बी तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष पर मुंबई (30) और दूसरे स्थान पर आंध्र (25) मौजूद है। यह बंगाल की इस सत्र में लगातार दूसरी हार है जिससे पिछले चरण की उप विजेता छठे स्थान पर खिसक गयी है और उसकी नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद भी खत्म हो गयी है। बंगाल को पिछले मैच में मुंबई से पारी की हार मिली थी।

आल राउंडर सक्सेना ने पहली पारी में 68 रन देकर नौ और दूसरी पारी में 104 रन देकर चार विकेट झटके। इससे बंगाल की टीम 449 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 339 रन पर सिमट गयी। बंगाल ने दो विकेट पर 77 रन से आगे खेलना शुरू किया जिसके बाद सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। सक्सेना ने अनुस्पतुप मजूमदार (14) को आउट करने के बाद अभिमन्यु की 65 रन (119 गेंद) की पारी भी समाप्त की।

अनुभवी मनोज तिवारी भी सक्सेना का शिकार हुए और 35 रन पर पवेलियन पहुंचे। तिवारी ने घोषणा की थी कि वह बंगाल के 16 फरवरी को ईडन गार्डन्स पर बिहार के खिलाफ अंतिम लीग मैच के बाद संन्यास ले लेंगे। चोट के कारण दो महीने के बाद वापसी कर रहे बंगाल के आल राउंडर शाहबाज अहमद ने 100 गेंद में 80 रन (आठ चौके, दो छक्के) की पारी खेली।

उम्र का धोखा

भारतीय खेलों का अभिशाप!

नई दिल्ली ■ राजेंद्र सजवान

भारतीय खेल आका, खेल प्राधिकरण, खेल संघ, सरकार का खेल मंत्रालय और तमाम खेल प्रमोटर वर्षों से भारत को खेल महाशक्ति बनाने का दावा करते आ रहे हैं लेकिन चंद खेलों को छोड़ बाकी में हमारे पास ओलम्पिक और विश्व खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों को उंगलियों पर गिना जा सकता है।

बेशक, साधन सुविधाओं की कमी और अच्छे प्रशिक्षकों का अभाव बड़ी समस्या है। लेकिन देर से ही सही अब स्वीकारा जा रहा है कि उम्र की धोखाधड़ी के चलते

तमाम भारतीय खेलों का समुचित विकास नहीं हो पा रहा। खेल विशेषज्ञों और जानकारों को लगता है कि तमाम खेलों में एज फ्रॉड कम होने की बजाय बढ़ रहा है। वरना क्या कारण है कि बेहतर और विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलने के बाद भी हमारे खिलाड़ी उपलब्धियां हासिल करने से चूक रहे हैं।

देश के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट का आलम यह है कि क्रिकेट बोर्ड की पैनी नजर के बावजूद बहुत से बड़ी उम्र खिलाड़ी विभिन्न राज्यों के लिए आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेल जाते हैं और जल्दी ही गायब भी हो जाते हैं। आमतौर पर यह कहा जाता है कि जब से क्रिकेट सिखाने के लिए एकेडमियों का जाल बिछा है, उम्र का फर्जीवाड़ा बढ़ा है। हाल ही में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, ओडिशा, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों की क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा की गई जांच-पड़ताल में पता चला है कि वर्षों से बड़ी उम्र के खिलाड़ी उभरती प्रतिभाओं की राह रोके हुए हैं। लेकिन ऐसा सिर्फ क्रिकेट में नहीं है।

फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, तैराकी और लगभग सभी खेलों में बड़ी उम्र के खिलाड़ी उभरती प्रतिभाओं को मैदान छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट, नेहरू हॉकी और आयु वर्ग के कई आयोजनों में ढेरों बड़ी उम्र के खिलाड़ी पकड़े जाते हैं। लेकिन यह पकड़-धकड़ महज दिखावा है।

एडीलेड की घटना ने मेरे परिवार को काफी प्रभावित किया: मैक्सवेल

मेलबर्न,भाषा। पिछले महीने एडीलेड में देर रात पार्टी के बाद अस्पताल में भर्ती होने की घटना पर आस्ट्रेलियाई आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि इससे उनका परिवार काफी प्रभावित हुआ था। मैक्सवेल पिछले महीने इस पार्टी में पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली के 'सिक्स एंड आउट' कंसर्ट देखते हुए शराब पी रहे थे। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गयी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और वह एम्बुलेंस में ही बेहोश हो गये थे। मैक्सवेल ने आस्ट्रेलियन एसोसिएटिड प्रेस' से कहा, ''मुझे लगता है कि इस घटना ने मुझसे ज्यादा मेरे परिवार को प्रभावित किया। मुझे पता था कि उस हफ्ते मेरी छुट्टी थी। और निश्चित रूप से यह घटना और इसका समय आदर्श नहीं था। रविवार को इस 35 साल के खिलाड़ी ने दिखाया कि वह छोटे प्रारूप में आस्ट्रेलिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में बरकरार हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 में 55 गेंद में 120 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर कमाल कर दिया।

टायटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999RJ1992PLC013387

पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

फोन नंबर: 011- 71239900, ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com

www.titanbiotechltd.com

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनअंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड					
		समाप्त तिमाही			समाप्त नौमाही		समाप्त वर्ष
		31.12.2023	30.09.2023	31.12.2022	31.12.2023	31.12.2022	31.03.2023
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4641.59	4,397.92	3,061.15	12542.44	10,861.43	14,594.26
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	994.05	812.60	362.77	2515.42	2,175.99	2,811.61
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	994.05	812.60	362.77	2515.42	2,175.99	2,811.61
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	717.47	652.14	326.16	1985.67	1,989.30	2,484.42
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	719.02	653.70	326.16	1990.33	1,989.30	2,490.64
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	-	-	10,164.72
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसकि	8.68	7.89	3.95	24.03	24.07	30.06
	(बी) डायल्यूटिड	8.68	7.89	3.95	24.03	24.07	30.06

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन					
		समाप्त तिमाही			समाप्त नौमाही		समाप्त वर्ष
		31.12.2023	30.09.2023	31.12.2022	31.12.2023	31.12.2022	31.03.2023
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4641.59	4,397.92	3,061.15	12542.44	10,861.43	14,594.26
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	994.05	812.60	362.77	2515.42	2,175.99	2,811.61
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	994.05	812.60	362.77	2515.42	2,175.99	2,811.61
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	738.35	602.91	270.19	1882.20	1,638.13	2,102.49
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	739.90	604.47	270.19	1882.20	1,638.13	2,108.71
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	0.00	-	-	0.00	-	9,782.79
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसकि	8.93	7.30	3.27	22.78	19.82	25.44
	(बी) डायल्यूटिड	8.93	7.30	3.27	22.78	19.82	25.44

नोट्सः-

1 उपरोक्त 31.12.2023 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत पविस्तृत स्वरूप का एक सार है और सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त उक्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।

2 पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के अनुरूप पुनर्समूहित/पुनः वर्गीकृत किया गया है।

3 कंपनी के पास रिपोर्ट करने योग्य केवल एक व्यवसाय खंड है।

4 कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अधध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तद्अनुसार, कंपनी ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।

5 स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (`Ind AS`) ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं ।

6 चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से संचालन से राजस्व में माल ढुलाई राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में इसके राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने के लिए अन्य खर्चों में भी भाड़ा जोड़ा गया।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 12.02.2024

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1(22766)/2021-22 JAIPUR, Dated - 11/10/2023 के द्वारा मेसर्स - रघुवंशम अर्थ एनर्जीज पार्टनर श्री हुकुम सिंह उदावत , पता- दहिमता तहसील केरडा ,जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-मलास, तहसील केरड़ा जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L.No.-80/2022 क्षेत्रफल 1.4073 हेक्टेयर वास्ते खनिज क्वार्टज ,फेल्डस्पार , और माईका खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं! उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है!

मेसर्स - रघुवंशम अर्थ एनर्जीज

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1(24067)/2021-22 JAIPUR, Dated - 09/02/2024 के द्वारा श्री बद्री लाल धाकड़ , पता- बिजोलिया खुर्द तहसील बिजोलिया ,जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-बिजोलिया खुर्द , तहसील बिजोलिया जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन Q.L.No.-42/2021 क्षेत्रफल 1. 0060 हेक्टेयर वास्ते खनिज सेंडस्टोन खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं! उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है!

बद्री लाल धाकड़

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(23919)/2023-24 JAIPUR, Dated - 25/01/2024 के द्वारा श्री तुफान सिंह यादव पुत्र श्री हिम्मत सिंह यादव , पता- मेन रोड हेमनिवास, बिजोलिया तहसील बिजोलिया ,जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-हेमनिवास तहसील बिजोलिया जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन Q.L.No.-06/2022 क्षेत्रफल 1. 0032 हेक्टेयर वास्ते खनिज सेंडस्टोन खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं! उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है!

तुफान सिंह यादव

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(23918)/2023-24 JAIPUR, Dated - 25/01/2024 के द्वारा श्री हिम्मत सिंह यादव पुत्र श्री बख्तावर सिंह यादव पता- मेन रोड हेमनिवास, तहसील बिजोलिया , जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-हेमनिवास तहसील बिजोलिया जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन Q.L.No.-05/2022 क्षेत्रफल 1. 2224 हेक्टेयर वास्ते खनिज सेंडस्टोन खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं! उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है!

हिम्मत सिंह यादव

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(23978)/2023-24 JAIPUR, Dated - 09/02/2024 के द्वारा श्री मति दीपिका जीनगर पत्नी श्री महेंद्र कुमार , पता- शंभूगढ़ तहसील आसींद जिला भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-रावोंकाखेड़ा, (देवपुरा)तहसील आसींद जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L.No.-39/2023 क्षेत्रफल 1.6920 हेक्टेयर वास्ते खनिज क्वार्टज ,फेल्डस्पार , और माईका खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं! उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है!

श्रीमति दीपिका जीनगर